**दिनांक 11.02.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न कोसी–मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना अंतर्गत टर्न–की आधर पर पूर्वी कोशी मुख्य नहर के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 41.30 तक रिमोडलिंग कार्य (एकरारनामा सं0 01SBD/2025-26) की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगणः–**

1. श्री अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री अनिल कुमार, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, सहरसा।
4. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, पटना।
5. श्री अफजल आलम, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा।
6. श्री दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–01, पटना।
7. श्री नवीन कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–05, पटना।
8. श्री आसिफ इकबाल, प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, पटना।
9. श्री राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर।

**बैठक में उपस्थित संवेदक (M/s Rithwik Project Pvt. Ltd) के प्रतिनिधिः–**

1. Mr. CM Rajesh, Executive Director.
2. Mr. K Sesha Sai, Vice President.
3. Mr. V Prasanna, Project Head
4. Mr. M Kishor, Assistant Manager

**समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् है :**

1. संवेदक द्वारा बताया गया कि योजनान्तर्गत रूपांकण एवं आलेख्य का भेटिंग कार्य आई0आई0टी, पटना से कराने हेतु अनुरोध किया गया लेकिन आई0आई0टी, पटना द्वारा उक्त कार्य के स्वीकृति में काफी विलंब किया जा रहा है, इस परिपेक्ष्य में संवेदक द्वारा आई0आई0टी, हैदराबाद से भेटिंग कार्य शीघ्र करा लिये जाने का आश्वासन दिया गया। जिसके आलोक में आई0आई0टी0, हैदराबाद से भेटिंग कार्य शीघ्र पूरा कराने हेतु निदेश दिया गया है।

   **(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/Rithwik Project Pvt. Ltd)**

2. आई0आई0टी, हैदराबाद से भेटेड रूपांकण एवं आलेख्य की जाँच कर अनुमोदन हेतु मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना की अध्यक्षता में एक टीम गठन करने तथा संवेदक को भेटिंग कराये जाने वाले रूपांकण एवं आलेख्य की प्रति मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

   **(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद, पटना/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, पटना/Rithwik Project Pvt. Ltd)**

संवेदक को सेटलिंग बेसिन की सफाई कार्य प्रारंभ करने तथा सिल्ट के डिस्पोजल हेतु डिस्पोजल प्लान तैयार करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा को निदेश दिया गया। एकरारनामा संख्या 2SBD/2017-18 को बंद करने हेतु अलग से कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाईः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/Rithwik Project Pvt. Ltd)**

8. जल संसाधन विभाग द्वारा पूर्वी कोशी मुख्य नहर के कि0मी0 41.00 पर निर्मित रेलवे ब्रीज हेतु निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र में नहर का HFL, रूपांकित क्रॉस सेक्शन एवं अन्य शर्त्तों के आधार पर स्थलीय स्थिति का आकलन करते हुए रूपांकण एवं आलेख्य तैयार करने का निदेश दिया गया।

**(कार्रवाईः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/Rithwik Project Pvt. Ltd)**

24/2/2026

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो0 02 सहरसा—137/2025— 457 /पटना, दिनांक : 25-02-2026

प्रतिलिपिः मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों/संवेदक को कार्यवाही के प्रति उपलब्ध कराते हुए दिये गये निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय।

24/2/26

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो0 02 सहरसा—137/2025— 457 /पटना, दिनांक : 25-02-2026

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

24/2/26

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो0 02 सहरसा—137/2025— 457 /पटना, दिनांक : 25-02-2026

प्रतिलिपिः कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल—02, पटना को विभागीय वेबसाई पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

24/2/26

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

3. क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा भेंगाधार स्केप चैनल के सिल्ट सफाई का कार्य लगभग पूर्ण तथा पूर्वी कोशी मुख्य नहर के कि0मी0 12.00 से कि0मी0 24.00 के बीच डिसिल्टिंग कार्य प्रगति पर रहने की सूचना दी गयी। कार्य को तेजी से करने हेतु संवेदक द्वारा खरीफ 2026 में नहर संचालन बंद रखने का अनुरोध किया गया। खरीफ 2026 से पूर्व कार्य की प्रगति की समीक्षोपरांत उक्त अवधि में नहर संचालन बंद रखने पर आवश्यक कार्रवाई किया जायेगा।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई मोनिटरिंग अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–02, पटना/ Rithwik Project Pvt. Ltd)**

4. खरीफ 2026 से पूर्व परियोजना अन्तर्गत सभी संरचनाओं का foundation से उपर कार्य कराने का निदेश दिया गया। ताकि मानसून अवधि में संरचनाओं पर कार्य कर योजना में प्रगति लायी जा सके।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/Rithwik Project Pvt. Ltd)**

5. विमर्श के आलोक में योजनान्तर्गत सभी एकपथीय सेतु (SLR) को द्विपथीय सेतु (DLR) में परिवर्तित किये जाने की आवश्यकता महसूस की गयी। मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा को एकपथीय सेतु (SLR) से द्विपथीय सेतु (DLR) में परिवर्तित किये जाने पर रूपांकण एवं आलेख्य के साथ अंतर राशि से संबंधित तुलनात्मक विवरणी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/Rithwik Project Pvt. Ltd)**

6. संवेदक द्वारा बतलाया गया कि मुख्य नहर का लाईनिंग कार्य अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जायेगा तथा उक्त कार्य को कराने हेतु Dewatering की आवश्यकता है जिसकी संपुष्टि क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा भी की गयी। इस क्रम में लाईनिंग कार्य हेतु Dewatering के लिए तीन विकल्पों पर विमर्श किया गया। संवेदक को तकनीकी रूप से उपयुक्त किसी एक विकल्प का विस्तृत कार्यक्रम तैयार कर मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा को उपलब्ध कराने तथा इस पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु मुख्य अभियंता को निदेश दिया गया है।

**(कार्रवाईः– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई अंचल, सहरसा/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, वीरपुर/Rithwik Project Pvt. Ltd)**

7. संवेदक द्वारा सेटलिंग बेसिन की सफाई कार्य प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया। मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा द्वारा सूचना दी गयी कि सेटलिंग बेसिन में कैनाल बेड लेवल (C.B.L.) से दो मीटर गहराई तक जमे सिल्ट का ड्रेजरों द्वारा सिल्ट निकासी कार्य तथा 4 वर्षों तक Maintenance ड्रेजिंग कार्य (एकरारनामा संख्या 2SBD/2017-18) अन्तर्गत 2nd Year Maintenance कार्य की जाँच उड़नदस्ता अंचल–01, पटना द्वारा किया गया है। तथा वर्त्तमान में इसकी समीक्षा निगरानी संगठन द्वारा किया जा रहा है। सेटलिंग बेसिन के प्री–लेवल का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही यह भी बताया गया कि पूर्व में कराये गये कार्य का लेवल भी तत्कालीन अभियंताओं द्वारा लिया गया था। जिसका रिकार्ड उपलब्ध है।